सुविचार

रिश्तों का गलत इस्तेमाल कभी मत करना, अच्छे लोग जिंदगी में बार बार नही आते..!!

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-24 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 22 जुलाई 2022 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## देश की 15वी और पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्म जी को

## राष्ट्रपति बनने के उपलक्ष्य में उनके छाया चित्र में माल्याअर्पण कर शहर में मिठाइयां बाटी



युवा प्रदेश नेटवर्क

**छिन्दवाड़ा(हरई)।** न्यू मार्केट बस स्टैंड हरई में आदिवासी समाज के द्वारा देश की 15वी आदिवासी महिला राष्टपति श्रीमती द्रोपदी मुर्म जी को राष्ट्रपति बनने के उपलक्ष्य में हरई में आदिवासी सामाजिक संगठन के द्वारा अभिवादन एवम उनके छाया चित्र में माल्याअर्पण कर शहर में मिठाइयां बाटी गए जिससे आदिवासी समाज में खुशी का माहोल रहा, आदिवासी समाज के द्वारा बड़ी उम्मीद से कहा गया की आदिवासी राष्टपति के द्वारा अब आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़कर आदिवासियों का भविष्य सवरेगा कार्यक्रम में उपस्थित-संदीप इनवती गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष,गुरु धुर्वे,युवा आदिवासी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष,सुरेंद्र पंड्राम प्रभारी ,gsu अध्यक्ष,प्रदीप यूइकी,gsu ब्लॉक कोषाध्यक्ष,तह धुर्वे तस् प्रवक्ता,मनोज डहरिया किसान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष,केशव धुर्वे और अन्य लोग भरी संख्या में उपस्थित हुए और एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी व्यक्त की।



# द्रौपदी मुर्मू ने जीता राष्ट्रपति चुनाव, तीसरे राउंड में ही हासिल किये 50% वोट

**नई दिल्ली।** द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। तीसरे राउंड में वोटों की गणना के बाद उन्हें जीत मिली। ह्ष्ठ से राष्टपति पद के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने तीसरे दौर की मतगणना के बाद कुल वैध मतों का 50त्न का आंकड़ा पार कर लिया है। द्रौपदी मुर्मू को 5 लाख 77 हजार 777 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी यशवंत सिन्हा को 2,61,062 वोट मिले। इस तरह देश को पहली आदिवासी महिला राष्टपति मिल गई है। इनके जीतने की संभावना दूसरे राउंड में ही सुनिश्चित हो गई थी। दिल्ली में बीजेपी कार्यालय के बाहर हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई और जश्न का माहौल देखा गया। देर रात राज्य सभा के सचिव और चुनाव के रिटर्निंग अफसर पीसी मोदी ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव जीतने का सर्टिफिकेट सौंपा।

### किस राउंड में कितने मिले वोट

**पहला राउंड-** मतगणना के पहले दौर में सांसदों के मत गिने गये। इस राउंड में द्रौपदी मुर्मू ने 3,78,000 की वैल्यू के साथ 540 वोट हासिल किए। वहीं यशवंत सिन्हा ने 1,45,600 की वैल्यू के साथ 208 वोट हासिल किए हैं। इनमें से कुल 15 वोट अवैध थे।

**सेकेन्ड राउंड-** दूसरे दौर के बाद जहां पहले 10 राज्यों के मतपत्रों की गणना की गई, उसमें कुल वैध मत 1138 थे, जिनकी कुल वैल्यू 1,49,575 है। इसमें से द्रौपदी मुर्मू को 809 वोट मिले, जिनकी वैल्यू 1,05,299 और यशवंत सिन्हा को 329 वोट मिले, जिनकी वैल्यू 44,276 है।

**थर्ड राउंड-** तीसरे दौर की मतगणना में कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा और पंजाब के वोट शामिल थे। इस दौर में कुल वैध



मत 1,333 थे, जिनकी कुल वैल्यू 1,65,664 थी। इस राउंड में द्रौपदी मुर्मू को 812 वोट मिले, जबकि यशवंत सिन्हा को 521 वोट मिले।

## MV Act,1988 के अंतर्गत बनाए गए नियमो का पालन न करने वाले प्राधिकारी पर क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए-

भारत में मोटर यान अधिनियम,1988 लागू है इस अधिनियम में वर्तमान में मोटर यान(संशोधन) अधिनियम,2019 में बहुत सा संशोधन किया गया था एवं 01 अप्रैल 2021 से यह अधिनियम के संशोधित नियम प्रभावशाली हैं। अगर राज्य सरकार या केंद्रीय सरकार किसी अधिकारी को बनाए गए लागू नियमो को पालन करवाने के लिए नियुक्त करती है एवं वह इन नियमो का उल्लंघन



करता है या जानबूझकर कर अनदेखा करता है तब ऐसे अधिकारी के खिलाफ भी कार्यवाही हो सकती है। उपरोक्त बात को हम साधारण शब्दों में समझाते है अगर कोई परिवहन अधिकारी किसी योग्य व्यक्ति को लाइसेंस,परिमिट,आदि जारी नहीं करता है,या गाड़ी का रजिस्ट्रीकरण नहीं करता है, अवैध वाहन का चालान नहीं काटता है,जानबूझकर कर भारी गाड़ियों को जाने देता है आदि अधिनियम के नियमो का उल्लंघन करता है तब क्या कार्यवाही हो सकती हैं उसके खिलाफ जानिए।

**मोटर यान अधिनियम,1988 की धारा 210(ख) की परिभाषा?**

अगर कोई प्राधिकारी मोटर यान अधिनियम,1988 के अंतर्गत बनाए किसी भी लागू नियमो का उल्लंघन करता है या नियमो का पालन नही करता है तब ऐसे अधिकारी की अधिनियम की धारा 210(ख) के अंतर्गत दण्डित किया जाएगा।

**दण्ड-** उपर्युक्त धारा के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर अधिकारी को जिस अपराध के लिए जो जुर्माना होगा उसके दुगने दण्ड का दायी होगा अर्थात बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वाले व्यक्ति पर एक हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है अगर वह ऐसे व्यक्ति का चालान नहीं काटता है तब वहाँ पर तैनात परिवहन अधिकारी पर दो हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।卐

**- लेखक लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद)**
9827737665

## बालको को किडनैप करना कब अपराध की श्रेणी में आता है जानिए/JJ Act,2015..... I

भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 359 किडनैपिंग अर्थात व्यपहरण की परिभाषा बताती है जो इस प्रकार है किसी बालक जो 18 वर्ष से कम आयु का हैं उसको अगवा करना व्यपहरण का अपराध होता है एवं संहिता की धारा 360 भारत में बालको को किडनैप करने वाले अपराधी को दंडित करता है इसी प्रकार सहित की धारा 361 किसी विधिक संरक्षण से बालको को किडनैप करने वाले को दोषी ठहरती है अर्थात ऐसे बालको की किडनैप करना जो किसी बाल गृह में हो या मानसिक रूप से निःशक्त हो और किसी विधिक संरक्षण की देख रेख में हो । इस अपराध को किशोर न्याय(बालको की देख रेख संरक्षण) अधिनियम में भी एक अपराध के रूप में परिभाषित किया गया है जानिए।



किशोर न्याय(बालको की देख रेख संरक्षण) अधिनियम,2015 की धारा 84 की परिभाषा?

कोई भी व्यक्ति किसी किशोर बालक का व्यपहरण करेगा तब ऐसे व्यपहरण(किडनैपिंग) करने वाले व्यक्ति को निम्न प्रकार से दण्डित किया जाएगा-

1. सामान्य किडनैपिंग करने पर अधिकतम सात वर्ष की कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया जाएगा।
2. बालको को भीख मंगवाने के लिए किडनैपिंग करने पर अधिकतम दस वर्ष की कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।
3. हत्या करने के लिए किडनैपिंग करने पर आजीवन कारावास जो दस वर्ष के कठिन कारावास से कम नहीं होगी एवं जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।
4. फिरौती (हत्या करने की धमकी या अवैध कार्य करवाने ) के लिए बालको को किडनैपिंग करने पर मृत्यु दण्ड या आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

**नोट -** शिशु को शारीरिक कष्ट पहुचाने के बदले संपत्ति की मांग करने वाले को को सात वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जाएगा।

5. किसी बालक को गुप्त स्थान पर छुपा कर रखने मात्र पर अधिकतम सात वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जाएगा।

व्यपहरण एवं अपहरण में अंतर?

बहुत से व्यक्ति आज तक नहीं समझते हैं कि व्यपहरण एवं अपहरण हैं क्या सामान्य शब्दों में कहे तो व्यपहरण(किडनैपिंग) का अपराध तब होता है जब कोई व्यक्ति किशोर बालको(18 वर्ष से कम आयु के बालको ) को अगवा करता है तब व्यपहरण का अपराध होगा एवं अपहरण(ड्ड्ढस्नस्रह्वष्ह्लद्बशठ्ठ) का अपराध किसी 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति को अगवा करना अपहरण होता है।

**लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ अलीगढ़ उत्तर प्रदेश**

# भीम आर्मी का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में हुआ संपन्न







युवा प्रदेश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** 21 जुलाई 2022 को भीम आर्मी के 7 वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में प्रथम राष्टीय अधिवेशन किया गया। जिसने भारत के 29 राज्यो में से 24 राज्यो के सभी प्रदेश, जिला,एवं तहसील स्तर तक के करकर्ताओ ने अधिवेशन में हिस्सा लिया ओर हजारों की संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। तालकटोरा स्टेडियम भीड़ से भरा नजर आय बहुजन समाज में जन्मे सभी संतो गुरुओं महापुरषों को पुषपांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आज़ाद रावण ,भीम आर्मी के के राष्टीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह , राष्टीय सचिव कमल वालिया ,ओर सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों ने अपने प्रदेश कि समस्याओं की बात रखी। भीम आर्मी जिला रायसेन से जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी के और सभी कार्यकर्ता अधिवेशन के लिए दिल्ली पहुंचे शिमला से आई भीम आर्मी के टीम ने तलवारबाज़ी ओर बनेटी का जोरदार प्रदर्शन किया जो बहुत ही सराहनीय था। भीम आर्मी राष्टीय अध्यक्ष ने कहा कि हुए भीम आर्मी को घर घर के जाने आवश्यकता है जब हमारे समाज पर हो रहे जुल्म अत्याचार खतम कर सकेंगे हम । भीम आर्मी पूरे भारत ने 10 लाख भीम आर्मी की पाठशाला खोलेगी ओर सभी प्रदेशों में भीम आर्मी को ग्राम स्तर तक पहुंचाया जाएगा भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि भीम में को अकानुशासित संगठन बनाए रखना है संगठन के प्रति लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ बहुजन सिंगर मंजीत मेहरा ने अपने गानों से सभी का दिल जीत लिया और अपने गानों पर डांस भी कराया भीम आर्मी सबसे काम समय में भारत का सबसे बड़ा संगठन वन गया । जो राष्टीय लेबल पर बहुजन समाज के हक अधिकारों की लड़ाई को लड़ने जा काम करता है भीम आर्मी बहुजन, आदिवासियों , मुस्लिमो की आवाज बन गया है एक छप्पर से शुरू हुआ संगठन आज भारत का सबसे गौरवशाली संगठन बन गया है।




### भीम आर्मी एक आवाज़ हैं गरीब मजलूम के लिए

- भीम आर्मी अत्याचार, शोषण, ज़ुल्म के खिलाफ एक आवाज़ है मानवता के लिए,
- भीम आर्मी वंचित समाज के लिये एक विश्वास है
- भीम आर्मी बाबा साहब अम्बेडकर जीद्वारा समता,समानता, स्वतंत्रता भाईचारा,एक विचारधारा हैं
- भीम आर्मी सभी महापुरुषों का एक सम्मान हैं
- भीम आर्मी एक विचारधारा मानवतावाद के लिए।
- भीम आर्मी एक हथियार है, आदमी पर आदमी का शोषण रोकने के लिए।
- भीम आर्मी एक सोच है इंसानियत के लिए भीम आर्मी भारतीय संविधान का रक्षक दल है..
- भीम आर्मी चन्द्रशेखर आज़ाद जी और विनय रतन सिंह जी और कमल सिंह वालिया जी और मनजीत सिंह नॉटयाल जी का गहरा संघर्ष, त्याग, वलिदान,और मेहनत का फल है।

# भाजपा युवा मोर्चा की कार्यसमिति बैठक हुई संपन्न



**मनेंद्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जयसवाल के मार्गदर्शन पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अमित साहू के निर्देशानुसार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल किशोर राजवाड़े के आह्वान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा के सहमति से एवं मनेंद्रगढ़ मंडल प्रभारी मनोज शुक्ला के प्रभार में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल मंडल की कार्यसमिति की बैठक भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मंडल अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुई7 सर्वप्रथम सभी मंचासीन अतिथियों के द्वारा भारत माता की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी युवा साथियों को मिलकर कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों पर जमकर विरोध प्रदर्शन करना है। चाहे गौठान हो, चाहे युवाओं का बेरोजगारी भत्ता ना देना, यह सरकार झूठे वादों के आधार पर एक बार गलती से सत्ता में जरूर आ गई है लेकिन आज पूरी जनता कांग्रेस से रुष्ट हो चुकी है एवं लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस की इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने में सहयोग दें आने वाला समय भाजपा का है एवं आप सभी साथियों का है आप सभी की मौजूदगी इतनी बड़ी संख्या में देखकर मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में भाजपा युवा मोर्चा पूरे दमखम के साथ कार्य करेगी। आपको बता दें कि अखिलेश मिश्रा पहले बजरंग दल में मनेंद्रगढ़ के प्रखंड संयोजक से लेकर कोरिया जिले के सह-संयोजक एवं सरगुजा विभाग बजरंग दल के

**मनेंद्रगढ़ के सभी 22 बूथों पर 20 यूथ जोड़ने का लक्ष्य**




संयोजक का दायित्व एवं भाजपा के विभिन्न पदों का निर्वहन कर चुके है। बैठक का मंच संचालन भाजयुमो मंडल महामंत्री इवनीष खनूजा द्वारा किया गया। इवनीष खनूजा ने कहा कि अखिलेश मिश्रा के मंडल अध्यक्ष बनने से युवाओं में एवं भाजपा युवा मोर्चा में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिसका नतीजा आज का यह भरा हुआ हॉल देखकर समझा जा सकता है, आने वाले समय में उनके नेतृत्व में भाजयुमो मनेंद्रगढ़ मंडल पूरे जिले में सबसे अच्छा कार्य करके दिखाएगी, मेरा ऐसा पूर्ण विश्वास है। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ जेके सिंह, मनेंद्रगढ़ मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, भाजयुमो मंडल प्रभारी मनोज शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अंकुर जैन, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण सिंह, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रूबी पासी, भाजपा मंडल महामंत्री रामचरित द्विवेदी, विधानसभा संयोजक आईटी सेल एवं मछुआरा प्रकोष्ठ जिला संयोजक आनंद ताम्रकार, मनेन्द्रगढ़ मंडल मंत्री प्रमोद बंसल, भाजयुमो जिला मंत्री कोमल पटेल, भाजपा किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष आशीष मजूमदार, भाजयुमो महामंत्री इवनीश खनूजा एवं आशीष सोनी, बृज किशोर सिंह, हर्ष चौहान, गणेश सिंह, अंकित भोजवानी, आशीष सोनकर, गुरु प्रसाद खटीक, रिंकू यादव, प्रखर जयसवाल, दीपक सिंह, प्रशांत तिवारी, प्रवीण, भरत दुबे आदि युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जय भीम सेना की बैठक सम्पन्न

**छिन्दवाड़ा।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन की अहम बैठक समता बौद्ध बिहार आम्बेडकर नगर परासिया रोड़ में सम्पन्न हुयी ,संगठन के जिला प्रमुख शिवम् पहाड़े ने बताया कि बाबा आम्बेडकर जी के विचारों को जन -जन तक पहुंचाने एवं समाज के हर गरीब शोषित व्यक्तियों की मदद करना ,सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करेंगे एवं समाज के हर वर्ग को केन्द्र एवं राज्य सरकार की सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी ,साथ ही संगठन में कुछ नियुक्ति की गयी जिसमें जय भीम सेना संगठन ने जिला महामंत्री मुस्तकीम भाई एवं परासिया ब्लॉक से ओ.बी.सी.समाज से क्षेत्रीय अध्यक्ष गिरधारी यदुवंशी ,ब्लॉक उपाध्यक्ष संत कुमार यदुवंशी ,क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद चन्द्रवंशी ,साथ ही चैरई नगर अध्यक्ष गौरव भाई ,को नियुक्ति प्रदान की गयी । जिसमें मुख्य रूप से संगठन के जिला प्रमुख शिवम् पहाड़े ,ओ.बी.सी.समाज के जिलाध्यक्ष गणपत यदुवंशी ,अल्पसंख्यक समाज के जिलाध्यक्ष मोहरू पटेल ,कार्यकारी अध्यक्ष बंटी मंडराह,सचिव मदन बरखाने ,उपाध्यक्ष दिनेश इनवाती ,नगर अध्यक्ष पप्पू मंडराह,अजय करोलिया ,संजय बाक्सर आदि संगठन के लोग शामिल हुये एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दिये।







## परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया के श्री संतोष परिहार प्रदेश महासचिव नियुक्त



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**
**मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 2023 को होने वाले विधानसभा चुनाव में अनेकों पार्टी सामने आ रही है। तथा जोर शोर से अपना विस्तार करने के लिए लग चुकी है। एक और पार्टी अपना बजूद बनाने में और विधानसभा चुनाव लड़ने में अपना गठन करने में जुटी हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अनुसूचित जाति के सक्रिय समाजसेवी श्री संतोष परिहार को परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया की प्रदेश स्तरीय संगठन की बैठक में श्री संतोष परिहार जी को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। श्री परिहार चुंकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। जो कि नई राजनैतिक पार्टी में जाने से कांग्रेस को नुकसान होने का अनदेश है।परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत जी के द्वारा भोपाल में पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक में श्री संतोष परिहार जी को पार्टी मध्यप्रदेश इकाई का प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने पर श्री परिहार के समर्थकों द्वारा बधाईयाँ दी जा रही है। तथा निश्चित रूप से परिहार जी के मनोनयन पर पार्टी मजबूत होगी।

## नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को हुआ फायदा

भोपाल

मध्यप्रदेश नगरीय निकाय चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। एमपी की 16 नगर निगम में से बीजेपी 9, कांग्रेस 5, आप 1 और 1 निर्दलीय प्रत्याशी की जीत हुई है। 16 में से 7 सीट बीजेपी के हाथ से निकल गई है। भले ही बीजेपी अपना ऐतिहासिक जीत बता रही है, लेकिन पिछले बार की अपेक्षा नुकसान हुआ है। अब मप्र चुनाव में एआईएमआईएम और आप की भी एंट्री हो गई है। पहले चरण में 11 नगर निगमों में 17 जुलाई को नतीजे आ गए थे। जिसमें भोपाल, इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर, उज्जैन, सागर और सतना में बीजेपी ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस ने जबलपुर, ग्वालियर और छिंदवाड़ा पर कब्जा किया है। वहीं सिंगरौली से आम आदमी पार्टी की रानी अग्रवाल मेयर बनीं हैं। दूसरे चरण के 5 नगर निगम में से कटनी में बीजेपी की बागी निर्दलीय प्रत्याशी की जीत दर्ज हुई है। रतलाम और देवास में बीजेपी ने कब्जा किया है। वहीं रीवा और मुरैना में कांग्रेस की जीत हुई है। इस तरह कांग्रेस के खाते में कुल 5 नगर निगम चली गई है। जबकि पिछली बार एक भी निगम कांग्रेस के पास नहीं थी। मध्यप्रदेश में बीजेपी ने 16 में से 7 मेयर गंवा दिए हैं। विंध्य में बीजेपी की जड़ें कमजोर हो गई हैं। विंध्य में कांग्रेस ने रीवा निगम से वापसी की है। महाकौशल में कमलनाथ का कमाल दिखने को मिला है। जबलपुर समेत महाकौशल में बीजेपी की बुरी तरह हार हुई है।

## संविधान एवं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को साक्षी मानकर सिंगर मनोज रागी ने बौद्ध रीति रिवाज से किया विवाह



**शहडोल।** दिनांक 18.7.2022 को जिले के माने जाने सिंगर सुंदर मनोज रागी निवासी धरौला मोहल्ला वार्ड नंबर 22 शहडोल ने शशि कला भारतीय पिता रामनारायण भारतीय निवासी समतपुर अनूपपुर के साथ बौद्ध विहार रेलवे कॉलोनी शहडोल में किया विवाह कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन हुआ बौद्धाचार्य गोलू बौद्ध रहे विवाह कार्यक्रम में विभिन्न समाज के अतिथि गण एवं वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ही.आई राजेश मिश्रा बुढ़ार अहिरवार समाज संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ.राजेश अहिरवार चंदानी अहिरवार भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष अनिल अहिरवार वार्ड पार्षद ओम प्रकाश चौधरी संपादक प्रकाश जायसवाल हंसराज चौधरी देवी शरण चौधरी आनंद अहिरवार प्रभाकर दीपक चौधरी अक्षय राजेश गजभिए मनीष चौधरी संतोष चौधरी अलका चौधरी ममता चौधरी आयशा संघमित्रा अहिरवार राजवीर विवाह कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**बयान** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने दूसरे चरण के नतीजों पर जताया आभार

# गांव से शहरों तक भाजपा की लहर, कांग्रेस सफाये की ओर : मंत्री भूपेंद्र सिंह

भोपाल



नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के मतगणना में पहले चरण की भांति भारतीय जनता पार्टी को अभूतपूर्व जीत मिलने पर प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं प्रदेश के विकास को सतत जारी रखते हुए नया मध्यप्रदेश गढ़ने के संकल्प को दोहराया। मंत्री सिंह ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में नागरिकों ने शहर के विकास एवं विजन को स्वीकार करते हुए भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया हैं। गरीब कल्याण की योजनाएं लोगों का जीवन बदल रही हैं। प्रदेश के नागरिकों ने नगरीय निकाय चुनाव में जिस तरह भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है, हम उनकी आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और आशाओं को पूरा करेंगे। मंत्री सिंह ने कहा कि गांव से लेकर शहरों तक मध्यप्रदेश के मतदाताओं ने विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। आज दूसरे चरण की मतगणना में भी कांग्रेस का लगभग सफाया हो गया और अधिकांश निकायों में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिला है। मंत्री सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान कमलनाथ हेलीकॉप्टर से सभाओं में पहुंच रहे थे, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पहले चरण की मतगणना में भी उन्होंने हेलीकॉप्टर से निगरानी की बात कही, लेकिन कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। आज दूसरे और अंतिम चरण की मतगणना में स्पष्ट हो गया कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई जगह नहीं बची है। सिंह ने कहा है कि नगर पालिका और नगर परिषद में भाजपा को ऐतिहासिक जनसमर्थन मिला है। रीवा, मुरैना, कटनी में नगर परिषद में भाजपा को शतप्रतिशत सफलता मिली। 76 नगर पालिकाओं में से 65 में भाजपा को बढ़त है, वहीं कांग्रेस 11 पर ही सिमट कर रह गई है। 255 नगर परिषद में से 231 में भाजपा को बढ़त मिली है, वहीं कांग्रेस 16 पर ही सिमट गई, जबकि 8 पर अन्य हैं। 2014 में 98 नगर पालिकाओं के चुनाव में भाजपा 54 सीटों (55%) मिली, इस वर्ष 76 नगर पालिकाओं में से 65 सीट पर बढ़त रखकर अपना अध्यक्ष बनाने जा रही है। जीत का प्रतिशत 85% रहा है। 2014 में 264 नगर परिषद के चुनाव में भाजपा 154 सीटों पर विजयी हुई थी, कुल 58.3%। इस वर्ष 255 नगर परिषद के चुनाव में भाजपा 231 सीटों पर बढ़त के साथ अपना अध्यक्ष बनाने जा रही है, जीत का प्रतिशत 90.58त्न रहा है।

## 169 नगर परिषदों में से 123 पर भाजपा, कांग्रेस-25 और 21 पर निर्दलीय जीते

# 40 नगर पालिका में 20 भाजपा तो कांग्रेस ने जीते 12 शहर

मध्यप्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों के दूसरे चरण के पांच नगर निगम चुनावों के नतीजे आ गए हैं। दो-दो महापौर भाजपा और कांग्रेस के बने हैं। वहीं, कटनी में भाजपा की बागी प्रत्याशी ने जीत हासिल की। इसे मिलाकर 16 नगर निगमों में से नौ पर भाजपा, पांच पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। आम आदमी पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी ने भी एक-एक नगर निगम में महापौर बनने में कामयाबी पाई।



■ भोपाल

मध्यप्रदेश के निकाय चुनाव में दूसरे दौर की मतगणना में 40 नगर पालिकाओं की तस्वीर साफ होने लगी है। 20 नगर पालिकाओं में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है। कांग्रेस 12 नगर पालिकाओं पर बढ़त बनाए हुए है। 8 सीटों पर हार-जीत तय नहीं है। यहां निर्दलियों का पलड़ा भारी दिख रहा। खरगोन में ओवैसी की एआईएमआईएम को 3 सीटें मिली है। यहां नगर पालिका पर भाजपा ने 19 वार्डों में जीत दर्ज की है। कांग्रेस को यहां सिर्फ 4 वार्ड मिले हैं। 7 वार्डों में निर्दलीय को जीत मिली है। कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा की चौरई नगर पालिका में 9 पर भाजपा जीत चुकी है। यहां कांग्रेस 6 सीटों पर सिमटकर रह गई है। रायसेन के वार्ड 15 में भाजपा हार गई है। यहां स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी का घर है। नगर पालिका पर भाजपा का कब्जा हो गया है। यहां महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भी चुनाव हार गई हैं। मध्यप्रदेश में निकाय चुनाव के दूसरे चरण में हुए 169 नगर परिषदों के चुनाव के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने इनमें से 123 सीटें जीतीं, वहीं कांग्रेस के हाथ 25 परिषदें आईं। 21 सीटों पर तगड़े मुकाबले की वजह से स्थिति स्पष्ट नहीं है। दूसरे दौर के चुनाव में इन सीटों पर 13 जुलाई को वोटिंग हुई थी। इस बार भाजपा ने सतना जिले की कोटर (10 सीट) और रीवा जिले की मनगवां (7 सीट) परिषद पर भी जीत हासिल की। कांग्रेस के गढ़ में भाजपा प्रत्याशियों को मिली जीत के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट करते हुए खुशी जताई और जनता का आभार जताया। दोनों चरणों को मिलाकर प्रदेश की कुल 255 नगर परिषदों के लिए चुनाव हुआ था। इनमें से भाजपा ने कुल 190 परिषदों में जीत हासिल की है, वहीं कांग्रेस को सिर्फ 35 पर ही जीत मिली। बाकी की 30 परिषदों में या तो दोनों दलों की सीटें बराबर हैं, या फिर वहां अन्य/निर्दलीय पार्षदों की संख्या ज्यादा है। बैरसिया में सबसे छोटी हार वार्ड-9 में सिर्फ 6 वोट से हुई। यहां निर्दलीय उम्मीदवार नीरज ने दूसरे निर्दलीय उम्मीदवार अवधेश को छह वोट से हरा दिया, जबकि इस वार्ड में नोटा को 7 वोट मिले। बैरसिया नगर पालिका में अध्यक्ष की कुर्सी पर निर्दलीय भी निर्णायक साबित हो सकते हैं। यहां से चार निर्दलियों ने जीत हासिल कर ली है। वार्ड-16 से बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष पर्वत सिंह पटेल की पत्नी कलाबाई पटेल चुनाव हार गई।

## सीएम शिवराज के गढ़ में भाजपा ही सिरमौर

### बुधनी में तीनों नगर परिषद में भाजपा की विजय



नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे अंतिम चरण की मतगणना बुधवार को हो रही है। सुबह 09 बजे से मतगणना शुरू हुई। दोपहर तक ज्यादातर नगर पालिकाओं व परिषदों के रुझान के साथ-साथ नतीजे भी आ गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज की बुधनी विधानसभा क्षेत्र में नगरीय निकायों में भाजपा का कब्जा बरकरार है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विधानसभा बुधनी में तीनों नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई। तीनों नगर परिषद बुधनी, नसरुल्लागंज और रहटी मिलाकर कुल 45 वार्ड में कांग्रेस को मात्र 2 वार्ड मिले। नगर परिषद बुधनी में भारतीय जनता पार्टी को 13 और निर्दलीय 2 प्रत्याशी विजयी घोषित। यहां कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। नगर परिषद नसरुल्लागंज में भारतीय जनता पार्टी के 12, निर्दलीय 2 और कांग्रेस से 1 एक प्रत्याशी विजयी घोषित। नगर परिषद रहटी में भारतीय जनता पार्टी के 12 निर्दलीय 2 और कांग्रेस से 1 प्रत्याशी विजयी घोषित। सीहोर के जावर में नगर परिषद में भाजपा कुल 10 सीटो पर विजय, कांग्रेस कुल 3 सीट विजय, निर्दलीय कुल 2 सीट पर विजयभाजपा कुल 10 सीटो पर विजय, कांग्रेस कुल 3 सीट विजय, निर्दलीय कुल 2 सीट पर विजयी।

### एआईएमआईएम से हिंदू प्रत्याशी जीती



एआईएमआईएम ने खरगोन वार्ड नंबर 2 में रहने वाली अरुणा श्याम उपाध्याय को अपना उम्मीदवार बना कर बड़ा दांव खेला था। अरुणा श्याम उपाध्याय एक गृहणी हैं। उनके पति श्याम उपाध्याय समाजसेवी हैं। अरुणा ने कहा कि एआईएमआईएम और असदुद्दीन ओवैसी उन्हें इसलिए पसंद है कि वह संविधान की बात करते हैं। दलित और पिछड़ों की बात करते हैं। या यूं कहें कि वह सभी वर्गों को साथ में लेकर चलने की बात करते हैं। इसलिए मैंने ओवैसी जी की पार्टी जॉइन की। उन्होंने कहा कि मैं असदुद्दीन औवेशी जी का धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मैं उनके विश्वास को कायम रखूंगी। छिंदवाड़ा में 9 नगरीय निकाय चुनाव की बुधवार को हुई मतगणना में सबसे रोचक मुकाबला परासिया का रहा। परासिया में 21 में से 10 पार्षद भाजपा, 10 कांग्रेस और एक निर्दलीय जीता। परासिया में सबसे प्रतिष्ठा की सीट वार्ड नंबर 10 की रही। जहा कांग्रेस के गगन खंडूजा और भाजपा के अनुज पाटकर में रहा। गगन खंडूजा को 3 वोट से हार का सामना करना पड़ा।

### कौन कहां से जीता

- भोपाल के बैरसिया के 9 वार्डों में भाजपा उम्मीदवार जीत चुके हैं। यहां सिर्फ 3 सीटों पर कांग्रेस आगे है। बैरसिया में शरद पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक उम्मीदवार को जीत मिली है।
- रायसेन नगर पालिका पर कांग्रेस जीती। यहां स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी के वार्ड में भी भाजपा हार गई।
- बालाघाट में भाजपा ने 18 वार्ड जीते। कांग्रेस को 11 वार्डों में जीत मिली है। 4 वार्डों में निर्दलीय जीते हैं।
- राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ नगर पालिका में कांग्रेस का कब्जा। कांग्रेस के 9 और भाजपा के 4 जीते। निर्दलीय 1 और आम आदमी पार्टी को 1 सीट मिली। राजगढ़ दिग्विजय सिंह का गढ़ माना जाता है।
- सिवनी मालवा में 8 वार्डों में भाजपा जीत चुकी है। कांग्रेस को 4 व निर्दलियों को 3 सीटें मिली हैं।
- आगर मालवा में 23 वार्डों में 11 पर कांग्रेस, 10 पर भाजपा और 2 पर निर्दलीय जीते हैं।
- शुजालपुर में 25 वार्डों में 17 पर भाजपा जीती। 4-4 सीटों पर कांग्रेस व निर्दलियों को जीत मिली।

### भीड़ का हूं

भीड़ का हूं , पर अंदाज अलग है मेरे चलने का।
समंदर की लहरों से भी चलता हूं,
अभी इरादा नहीं है रुकने का।

गिरकर भी संभल जायेंगे,
अब हौसला है कर गुजरने का।
इरादा ना बदला है , ना बदलेंगे ,
ना खयाल आया झुकने का।

मंजिल मिले ना मिले , हिम्मत है
आंधियों से टकराने का।
कर मेहनत , मुश्किल नहीं है,
मंजिल तक राह बनाने का।

यूं तो रूक गया हूं , पर हौंसला है
मंजिल तक जाने का।
भीड़ का हूं ,पर अंदाज अलग है
मेरे चलने का।।



**वैशाली नारनवरे**
**जिला छिंदवाड़ा**

## नशा व्यक्ति के साथ परिवार व समाज को भी करता हैं दूषित : किशोर कान्याल



■ ग्वालियर

आजादी के अमृत महोत्सव तहत पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वनिधि महोत्सव का आयोजन ग्वालियर में किया जा रहा है। इस महोत्सव में शहर के स्ट्रीट वेंडर्स बड़ी संख्या हिस्सा ले रहे हैं। महोत्सव के अन्तर्गत पुरुषों व महिलाओं हेतु विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के

### स्ट्रीट वेन्डरों को दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

अन्तर्गत नशामुक्त भारत अभियान के तहत रमन शिक्षा समिति एवं नगर निगम द्वारा नशामुक्ति संकल्प का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों को नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई । इस अवसर पर समग्र अधिकारी पूर्वी अग्रवाल एवं रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरिओम गौतम ने उपस्थित लोगों को सभी स्ट्रीट वेंडर्स को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस अवसर पर उपायुक्त मुकुल गुप्ता, उपायुक्त मिनी अग्रवाल, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेन्द्र दीक्षित सहित बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।






### मुख्यमंत्री ने बूस्टर डोज़ के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर की अपील

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए बूस्टर डोज लगवाने की अपील नागरिकों से की है। कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव अंतर्गत प्रदेशवासियों को निश्शुल्क बूस्टर डोज़ के राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ 21 जुलाई 2022 को हो रहा है। अभियान के अंतर्गत सितंबर तक अधिक से अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित की जाएंगी। प्रदेशवासियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान भी संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बूस्टर डोज़ लगाए जाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से तैयारी की गई है। जिन व्यक्तियों को दोनों डोज़ लगे हुए 6 माह हो चुके हैं उन्हें बूस्टर डोज़ लगवाने की पात्रता है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता ने पहला और दूसरा डोज़ लगवाने में देश में रिकार्ड स्थापित किया था।

## पालीथिन उपयोग करने वालों पर लगाया जुर्माना



**बाड़ी।** एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू हो गया है। इस संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत नगर परिषद बाड़ी की ओर से विशेष अभियान चला कर नगर के व्यापारियों, नागरिकों को सिंगल यू प्लास्टिक के प्रतिबंध के बारे में जागरूकता के साथ जगह जगह अधिसूचना पत्र चस्पा किया गया है। उल्लंघनकर्ता व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर उचित जुर्माना के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिशंकर वर्मा ने नगर परिषद अमला के साथ स्वयं व्यावसायिक दुकानों पर पहुंच कर पालीथिन उपयोग कर्ताओं पर नियमानुसार जुर्माना लगा रहे हैं। सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक की इन चीजों पर बैन लगाया गया है। प्लास्टिक कैरी बैग पालीथीन 75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले, प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स गुब्बारों के लिए प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक थर्माकोल पालिस्ट्रीन, प्लास्टिक की प्लेट, प्लास्टिक के कप, प्लास्टिक के गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे मिठाई के डिब्बों को रैप या पैक करने वाली फिल्म इन्विटेशन कार्ड, सिगरेट के पैकेट, 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक या पीवीसी बैनर स्टिरर, चीनी आदि मिलाने वाली चीज आदि उपयोग कर्ताओं पर नियमानुसार जुर्माना वसूला जा रहा है। साथ ही सख्त हिदायत दी जा रही है।

### रिस्तो की डोर एक बहन की,,,,,,

*जरा सी देर की झूठी चमक के लिए,*
*कभी रिस्तो का सौदा किया नही मैने*

*तेरी खुशी हजारों मुश्किलें के लिए*
*कभी रिस्तो में आग लगाई नही मैने*

*एक तस्वीर है जो रिस्तो के लिऐ*
*भरोसे ओर भावना को धोका दिया नही मैने*

*मेरे माता पिता के नाम के लिऐ*
*कभी जख्म गहरे किये नही मैने*

*मेरा आँगन तेरी कलाई के लिए*
*कभी अशुओ से मंहगे उपहार मांगे नही मैने*

*झूटी चाहत दिखाबे के लिऐ*
*खुशी के लिए रिस्तो पर प्रहार किया नही मैने*

*चालाकियों के चेहरों पर नकाब लिये*
*जख्मो की भाबनाओ को आईना दिखाया नही मैन*

*चुप का मतलब ये नही की हदे भूलने के लिए*
*इसलिए तो रिस्तो की डोर टोरी नही मैने*

*स्वतंत्र तो में भी थी बोलने लिए*
*रिस्तो में में छोटी थी इसलिए कुछ कहा नही मैने*

■ **मोहन मांढरे विदिशा**

## ब्रीफ न्यूज़

### जिले में अब तक 462.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 01 जून से अब तक 462.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 43.9 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 186.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 20 जुलाई प्रातः 8 बजे तक 462.1 मिमी. वर्षा दर्ज की गयी। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र गुना में 441.1 मिमी, बमौरी में 396.8, आरोन में 385.5, चांचौड़ा में 525.0 तथा वर्षामापी केन्द्र कुम्भराज में 586.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 19.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 10.2 मिमी., राघौगढ़ में 42.0 मिमी., चांचौड़ा में 06.0 मिमी. एवं वर्षामापी केन्द्र कुंभराज में 27.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

### आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु शहर के आठ वार्डों कैंप में आज

**शिवपुरी।** नगर पालिका शिवपुरी क्षेत्रांतर्गत वार्डवार कैंप लगाए जाकर समस्त वार्डों में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही की जाना है। इसी क्रम में 21 जुलाई को आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु कैम्प वार्ड क्रमांक 01, 02, 08, 09, 16, 17, 27 एवं वार्ड क्रमांक 28 में आयोजित किए जाएगें। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी एवं नोडल अधिकारी के रूप में श्रीमती शिवांगी अग्रवाल एवं सहायक नोडल सुश्री शिल्पी मिश्रा को नियुक्त किया है। उक्त अधिकारियों के निर्देशन में जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर एवं सेल्समैन की ड्यूटी लगाई गई है।

### एप्प के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग की कार्यवाही अनिवार्य

**गुना।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय शालाओं मे ऑनलाईन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया में 14 जुलाई को सम्पन्न प्रथम ऑनलाईन लॉटरी में जिन बच्चों को स्कूल आवंटित हुए है। उनकी संबंधित स्कूलों द्वारा मोबाईल एप्प के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग की कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाना है।

# सांची नगर परिषद निर्वाचन के परिणाम घोषित



**सांची।** सांची नगर परिषद के वार्ड क्रमांक एक से बलराम मालवीय निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 276 मत प्राप्त हुए तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहन सिंह को 125 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 05 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 2 से राजकुमार पाल निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 135 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी संतोष दुबे को 100 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 01 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 3 से रेवाराम अहिरवार निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 233 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामस्वरुप को 151 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 3 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 4 से अमित जोशी निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 311 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजकुमार को 120 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 8 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.5 से सिमरन राजपूत निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 206 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रज्ञा साहनी को 60 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 03 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 6 से स्वाति मेहरा निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 220 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोती बाई अहिरवार को 143 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 06 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 7 से राधा अहिरवार निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 176 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांता बाई अहिरवार को 72 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 04 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 8 से संतोषी राजपूत निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 172 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भागवती को 114 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 4 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.9 से मनफूल बाई निर्विरोध निर्वाचित हुई है। वार्ड क्रमांक.10 से राजेन्द्र सिंह निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 179 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोज कुमार सिंह को 112 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 5 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक11 से इंदू निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 163 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रीति कुशवाह को 94 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 2 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 12 गुरदयाल निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 220 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुनील को 196 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 5 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.13 से निर्मला जैन निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 188 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कुमकुम राजपूत को 135 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 03 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 14 से अनुराधा वर्मा निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 91 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी विमला साहू को 87 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 3 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.15 से विवेक तिवारी निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 121 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कृपाल सिंह को 67 मत प्राप्त हुए हैं।

## समाज के 8 पार्षद विजयी होने पर कुशवाह समाज ने किया सम्मान

■ गुना

नगरी निकाय चुनाव अंतर्गत गुना नगरपालिका के पार्षद पद हेतु खड़े हुए 8 कुशवाह के पार्षदों की विजय होने पर कुशवाह समाज ने सम्मान समारोह आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम श्रीराम कॉलोनी में राधेश्याम कुशवाह के निजी निवास पर हुआ। इस मौके पर प्रांतीय पदाधिकारी हेमंत कुशवाह ने कहा कि कुशवाहा समाज की जो नई पीढ़ी है वह राजनीति में कहीं ना कहीं अंगड़ाई ले रही है। उसका प्रतिफल कुशवाह समाज को मिल रहा है। मैं कुशवाह समाज को बहुत बहुत बधाई देता हूं जो उन्होंने गुना में कुशवाह समाज के 8 पार्षदों को चुना। जिसमें दो बीजेपी और तीन कांग्रेस एवं तीन निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए।



## सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद नहीं भरा सड़क का गढ्ढा तो खुद उठाया बीड़ा

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के गुना-अशोकनगर रोड हनुमान चौराहा के समीप एक गहरा गड्ढा हो गया। जिससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा था बल्कि दुर्घटना की भी आशंका बढ़ रही हैं। सड़क के इस गहरे गड्ढे का फोटो सोशल मीडिया पर इस उम्मीद से वायरल किया गया कि जिम्मेदारों तक बात पहुंच सके और उक्त गड्ढे को दुरस्त किया जा सके। लेकिन सुबह शेयर किया गया फोटो पर शाम होते-होते जब कोई संज्ञान नहीं लिया गया तो इस बारे में नपा



सीएमओ को भी व्हाटसअप पर फोटो भेजकर मामले से अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने ओके लिखकर आश्वासन दिया। लेकिन देर शाम तक कोई कार्यवाही नहीं हुई तो शहर के सामाजिक कार्यकर्ता अमित तिवारी और रोहित भार्गव ने उक्त गहरे गड्ढे को भरने का बीड़ा उठाया। शाम 6 बजे दोनों ही सामाजिक कार्यकर्ता अपनी एक्टिवा गाड़ी से गड्ढे भरने मलवा लेकर पहुंचे और उक्त गड्ढे में मलवा आदि से भरा। जिसके बाद फिर से सुचारू रुप से ट्रैफिक शुरू हो सका।

## चांचौड़ा में मारपीट के 6 साल पुराने प्रकरण में 6 माह का कारावास

■ गुना

चांचौड़ा कस्बे के लखेरा मोहल्ले में लगभग 6 वर्ष पुराने मारपीट के प्रकरण में आरोपियों को सजा सुनाई गई है। प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट चेतना दशोरा ने केस की सुनवाई की और 4 लोगों को छह-छह महीने के कारावास और एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस आपराधिक प्रकरण में शासन और फरियादी पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जितेंद्र दांगी ने की। अभियोजन के अनुसार 3 जुलाई 16 को फरियादी गोपाल विश्वकर्मा ने पड़ोसी सोनी परिवार से शिकायत करते हुए बताया था कि उसकी नाली में आरोपियों के घर से बहकर मैला आ रहा है। पड़ोसी का सहयोग करने की बजाए आरोपी महेंद्र सोनी (60), मनीष सोनी (28), रवि सोनी (54) और राहुल सोनी (33) वर्ष गोपाल को गालियां देने लगे। धीरे-धीरे गोपाल विश्वकर्मा की मारपीट की जाने लगी। वारदात की भनक मिलने पर गोपाल के परिजन ओमप्रकाश, धारणाबाई एवं गायत्री मौके पर पहुंच गई और बीच-बचाव किया। हालांकि आरोपियों ने तीनों परिजनों के साथ भी मारपीट की। हमले में गोपाल विश्वकर्मा के कंधे में फ्रेक्चर हो गया। इस मामले बाद घटना की शिकायत चांचौड़ा थाने में दर्ज कराई गई। चांचौड़ा पुलिस ने मामले की जांच की और तमाम तथ्यों के साथ आरोप पत्र न्यायालय में पेश कर दिया।

## सिलावटी में दिव्यांग की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा



■ गुना

जिले के कैंट थानांतर्गत ग्राम सिलावटी निवासी एक दिव्यांग युवक ने अपनी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जे की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी से की है। दिव्यांग देशराज सिंह राजपूत के अनुसार विगत 5-6 जुलाई को उसके खेत को दबंग व्यक्तियों द्वारा दादागिरी पूर्वक ट्रेक्टर से जोत दिया। घटना की जानकारी मिलने पर उसने कैंट पुलिस से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी से गुहार लगाई। फरियादी श्री राजपूत के अनुसार उक्त जमीन उनकी है। जिसे उसके दादाजी ने गांव वालों की सुविधा और सेवाभाव से गांव के जानवरों को चरने के लिए छोड़ी थी। लेकिन उक्त जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। यहीं नहीं जमीन से लगी स्कूल की भूमि पर भी दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया। फरियादी के अनुसार वह घर में अकेला है और दिव्यांग होने के कारण बार-बार खेत पर आ जा नहीं पाता। इसी बात का फायदा उठाकर दबंग उक्त भूमि पर जबरन कब्जा करने पर तुले हैं। एसपी को दिए आवेदन में फरियादी ने जमीन से कब्जा हटवाने की मांग की।

## अप्रेन्टिसशिप मेला कल, 8 वीं से लेकर स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण ले सकेंगे भाग

■ गुना

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुना मे एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 22 जुलाई प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि अप्रेन्टिसशिप मेला हेतु शैक्षिक योग्यता कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट तथा आईटीआई पास आवेदक उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है, साथ ही 18 से 26 वर्ष की आयु आवश?यक है एवं स्टाइपेण्ड 8500 से 13000 प्रतिमाह स्टाइपेन्ड एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। इच्छुक बेरोजगार आवेदक उक्त मेले में भाग लेना चाहते हैं तो आयोजन के दिन उक्त स्थान पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो




सकते हैं। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती, अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तों अनुसार की जाएगी। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला में प्रतिभागिता हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## संपादकीय

### श्रीलंका के लोगों को समझना होगा कि संकट से उबारने वाली संजीवनी बूटी अब भी वहीं है



राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की सिंहासन खाली करो कि जनता आती है कविता की यह चंद पंक्तियां अक्सर मुझे उसे वक्त जरूर याद आ आती हैं, जब देश या दुनिया के किसी भी क्षेत्र से आम जनमानस के द्वारा बड़े जन विद्रोह की कोई आहट सुनाई देने लगती है। आज भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका के मौजूदा हालात पर दिनकर की कविता की यह चंद पंक्तियां एकदम से सटीक बैठती है। कभी दुनिया के विभिन्न देशों के पर्यटकों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र रहने वाला एक छोटा-सा यह समुद्री द्वीप पर बसा देश श्रीलंका था। हालांकि दुनिया के अन्य देशों की तरह पिछले कुछ वर्षों से श्रीलंका भी कोरोना महामारी के जबरदस्त प्रकोप के चलते मंदी से ग्रस्त था, लेकिन मंदी के बावजूद भी कोई यह नहीं कह सकता था कि चंद माह के बाद ही यह देश अचानक दिवालिया होने के कगार पर खड़ा हो जायेगा। लेकिन ऐसा हो गया। श्रीलंका अपने हुक्मरानों की ग़लत आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार के चलते आज जबरदस्त आर्थिक संकट में फंसकर के दिवालिया होने के कगार पर पहुंच चुका है। देश की सत्ता पर आसीन चंद राजनेताओं की अदूरदर्शिता के चलते श्रीलंका राजनीतिक व आर्थिक अस्थिरता के मोर्चे पर जंग लड़ रहा है। पिछले कुछ माह में ही श्रीलंका के हालात बेहद बद से बदतर हो चले गए हैं। अब तो श्रीलंका के आर्थिक हालात इस कदर बिगड़ गये हैं कि वहां के आम जनमानस के लिए भोजन व पानी समय से उपलब्ध करवाने का भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। हालात इतने भयावह हो गये हैं कि श्रीलंका में आम जनमानस के रोजमर्रा के उपभोग की आम वस्तुओं की भी बाजार में किल्लत होने के चलते कालाबाजारी व महंगाई अपने चरम पर पहुंच गयी है। आज श्रीलंका में लगभग सभी वस्तुओं के मूल्यों ने महंगाई की चपेट में आकर के आसमान को छू लिया है। वैसे श्रीलंका के संदर्भ में हम अगर कुछ आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2020 के मानव विकास सूचकांक यानी ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स के आंकड़ों में जहां भारत दुनिया में 0.645 अंक के साथ 131वें स्थान पर था, वहीं इस सूची में श्रीलंका 0.782 अंक के साथ 72वें स्थान पर था। यानी की दुनिया के 189 देशों की सूची में श्रीलंका भारत से बहुत ऊपर था। यहां आपको बता दें कि मानव विकास सूचकांक मानव विकास के 3 मूल मानदंडों यानी जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय में देशों की औसत उपलब्धि को मापता है। इसके आंकड़ों को देखा जाये तो वर्ष 2020 में श्रीलंका की प्रति व्यक्ति आय भी भारत से कहीं बहुत ज्यादा थी। विचारणीय तथ्य यह है कि ऐसी मजबूत स्थिति होने के बाद भी दो वर्षों में ही श्रीलंका में ऐसा आखिरकार क्या हुआ कि एक हंसता खेलता हुआ खुशहाल देश अचानक तबाही के कगार पर आ गया।

# क्या द्रौपदी मुर्मू और जगदीप धनखड़ की जीत से आदिवासियों और जाटों का भला होगा?

*नई राष्ट्रपति बनने वाली द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज से हैं। एनडीए और उसके बड़े घटक भाजपा ने उन्हें आदिवासी समाज का बताकर पेश किया। विपक्ष के कई दलों ने भी उन्हें आदिवासी प्रत्याशी के रूप में वोट किया। मतदान के रुख से लगता है कि ये देश की आगामी राष्ट्रपति होंगी। जगदीप धनखड़ को किसान पुत्र बताकर भाजपा ने पेश किया। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी प्रकार का ट्विट किया। माना जा रहा है कि भाजपा ने पिछले दिनों हुए किसान आंदोलन, किसानों की नाराजगी को देखते हुए धनखड़ को अपना प्रत्याशी बनाया है।*

भारत के राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हो गया। जिस तरह से क्रास मतदान हुआ, विपक्षी खेमे के सदस्यों ने क्रास वोटिंग की, उससे लगता है कि भाजपा अपनी प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को बड़े अंतर से विजयी बनाने में कामयाब हो जाएगी। इसके बाद उपराष्ट्रपति का चुनाव होना है। राष्ट्रपति पद के लिए हुए मतदान का संकेत कहता है कि भाजपा अपने उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ को भी विजयी बनाने में कामयाब हो जाएगी। इसके लिए उसे कोई जोड़-तोड़ नहीं करनी होगी।

नई राष्ट्रपति बनने वाली द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज से हैं। एनडीए और उसके बड़े घटक भाजपा ने उन्हें आदिवासी समाज का बताकर पेश किया। विपक्ष के कई दलों ने भी उन्हें आदिवासी प्रत्याशी के रूप में वोट किया। मतदान के रुख से लगता है कि ये देश की आगामी राष्ट्रपति होंगी। जगदीप धनखड़ को किसान पुत्र बताकर भाजपा ने पेश किया। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी प्रकार का ट्विट किया। माना जा रहा है कि भाजपा ने पिछले दिनों हुए किसान आंदोलन, किसानों की नाराजगी को देखते हुए धनखड़ को अपना प्रत्याशी बनाया है। कुछ विशेषज्ञ मान रहे हैं कि धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाने के पीछे भाजपा का उद्देश्य हरियाणा और राजस्थान के चुनाव में वहां के किसानों विशेषकर जाट वोट हासिल करना है। भारत में 8.5 फ़ीसदी आदिवासी जनसंख्या है, जो कुछ सात-आठ उत्तरी और पश्चिमी राज्यों (जैसे



मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा) में ज़्यादा है। पूर्वोत्तर के आदिवासियों को छोड़ दिया जाए तो भी भाजपा के लिए ये सभी राज्य अहम हैं। माना जा रहा है कि इनके आदिवासी वोट पाने के लिए वाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद और हरियाणा और राजस्थान के किसान विशेषकर जाट वोट हासिल करने के लिए जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद के लिए उतारा गया है। पर ये नेता इन पदों पर बैठने के बाद क्या अपने समाज के लिए कुछ कर पांएगे, ये प्रश्न विचारणीय है। देश की बारहवीं राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल पहली महिला राष्ट्रपति रहीं। इनका कार्यकाल 25 जुलाई 2005 से जुलाई 2012 रहा। ये देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। उस समय देश में कांग्रेस की सरकार थी। मनमोहन सिंह सरकार के प्रधानमंत्री थे। प्रतिभा पाटिल को पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में पेश किया गया। महिला होने के नाते देश के महिला समाज को इनसे बहुत उम्मीद थीं। किंतु इनके कार्यकाल में ऐसा कुछ नहीं हुआ जो देश की महिलाओं की जीवन दशा सुधार सके। सरदार ज्ञानी जैल सिंह 1982 से 1987 तक देश के राष्ट्रपति रहे। इनके कार्यकाल में ही स्वर्ण मंदिर ऑपरेशन हुआ। स्वर्ण मंदिर में रह रहे सिख आतंकवादियों के खात्मे के लिए सेना ने स्वर्ण मंदिर में प्रवेश किया। प्रायः सिख इस ऑपरेशन से नाराज थे। प्रसिद्ध पत्रकार खुशवंत सिंह ने तो इसके विरोध में अपना पद्म भूषण सम्मान भी लौटा दिया था। राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह इसे रोकने के लिए कुछ नहीं कर सके। ज्ञानी जैल सिंह के राष्ट्रपति रहते प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई। इस हत्याकांड के विरोध में देशभर में सिखों का सामूहिक कत्ले आम हुआ। ज्ञानी जैल सिंह राष्ट्रपति होते भी कुछ नहीं कर पाए। अपने समाज के लोगों के सामूहिक नरसंहार रोकने में वह कोई प्रभावी भूमिका नहीं निभा सके। दरअसल राष्ट्रपति संसद द्वारा पारित कानून आदि का परीक्षण करने और उनको स्वीकृति देने का कार्य करता है। वह सरकार को सुझाव दे सकता है। अपनी ओर से कोई कानून या आदेश पारित नहीं कर सकता। इसलिए द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति बनें या धनखड़ उपराष्ट्रपति। ये अपने समाज का कुछ भला कर पाएंगे, ऐसा नहीं लगता। देश में चुनाव के समय राजनैतिक दल जाति की संख्या देखकर प्रत्याशी बनाते हैं और मंत्रिमंडल का गठन भी इसी प्रकार करते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेद्र सिंह तोमर खुद किसान परिवार से हैं। किंतु वे तीन कृषि कानून के विरुद्ध शुरू हुए आंदोलन को नहीं समाप्त करा पाए थे। आंदोलनकारी किसान नेताओं को अपनी बात नहीं समझा सके थे। दरअसल भारत में चुनाव नारों से जीते जाते हैं। पार्टी के काम से उनका कोई वास्ता नहीं होता। श्रीमती इंदिरा गांधी एक बार बैंकों के राष्ट्रीयकरण पर चुनाव जीत गईं। एक बार गरीबी हटाओ के नारे पर वे विजयी हुईं, किंतु गरीबी खत्म नहीं हुई। गरीबी देश में आज भी है। आगे भी रहेगी। ऐसा ही अब लगता है। आदिवासी वोट के लिए नाम आया। द्रौपदी मुर्मू को इसका लाभ मिला। यही जगदीप धनखड़ के साथ होगा। पर इनके बनने से इनके समाज को कुछ मिलना मिलाना नहीं हैं। मिलता वही है जो केंद्र का सत्ताधारीदल चाहता है।

## आखिर किस लाभ की उम्मीद में पसमांदा मुस्लिमों को खुश करने में जुटी है भाजपा

*अब इस नाइंसाफी के खिलाफ पसमांदा समाज के भीतर से भी आवाज उठने लगी है। पसमांदा समाज को लीड करने वाले नेता कहते हैं कि हम कांग्रेस के साथ में रहे, जब उसकी सत्ता गयी तो सपा, बसपा में गए तो वह सरकार बनाने में सफल रहे, लेकिन हमारी परेशानियों की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। हमारा समाज अशिक्षा, बेरोजगारी और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन हमारी आवाज मुस्लिमों की अगड़ी जातियों के बीच दब के रह जाती है। योगी सरकार ने हमारे समाज के एक नेता को मंत्री बनाया है। योगी सरकार गरीबों के लिए जो योजनाएं चला रही है उसका फायदा भी हमारे समाज के लोगों को मिल रहा है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने पसमांदा समाज के विकास की ओर ध्यान देने की बात कही है, यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। हमारी मुसलमानों की कुल आबादी में करीब 80-85 फीसदी भागीदारी है, अगर बीजेपी सरकार हमारी समस्याओं को सुनती और समझती हैं तो हमें बीजेपी से कोई एतराज नहीं होगा। गौरतलब है कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक मीटिंग में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि वह समाज के सबसे पिछड़े तबके तक अपनी पहुंच बनाएं। उन्होंने कहा था कि केवल हिंदू ही नहीं, बल्कि अल्पसंख्यक समुदायों के कमजोर तबके तक भी हमें पहुंच बनानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पसमांदा मुस्लिमों को पार्टी से जोड़ने के लिए की गई अपील के बाद पसमांदा समाज को लेकर सियासत तेज हो गई है। उधर, मोदी के मुंह से पसमांदा समाज की बात निकली और इधर भाजपा ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है।*

# विपक्ष यदि जनहित के मुद्दों के प्रति गंभीर है तो संसद में हंगामे की बजाय चर्चा करे

मानसून सत्र अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है, आजादी के अमृत महोत्सव का मानसून सत्र अमृतमय होना चाहिए। यह सत्र इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि इसी समय राष्ट्रपति पद और उपराष्ट्रपति पद के चुनाव होकर देश को नए राष्ट्रपति, नए उपराष्ट्रपति का मार्गदर्शन मिलना प्रारंभ हो जायेगा। सत्र की शुरुआत टकराव से न होकर सकारात्मक संवाद से हो, यह अपेक्षित है। इसके लिये हर दल का प्रत्येक सांसद ठण्डे दिमाग एवं मधुर संवाद के माध्यम से सत्र की कार्रवाई को सकारात्मक बनाये एवं देश के लिये नई ऊर्जा भरते हुए विकास की नयी बहार लाये। हर संसदीय सत्र की शुरुआत से पहले ही पक्ष-विपक्ष के बीच टकराव शुरू हो जाता है, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की लम्बी फेहरिस्त तैयार कर ली जाती हैं, सकारात्मक मुद्दों की बजाय राजनीतिक दृष्टि से प्रेरित स्वार्थों से लबालब होकर संसद के महत्वपूर्ण



कालखण्ड को ध्वंसात्मक बहस में व्यर्थ गंवा देने की तैयारी होती है। इस सत्र में ऐसा ही होता हुआ दिख रहा है, जबकि संसद में स्वस्थ चर्चा एवं आलोचना होना लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण है लेकिन ऐसा न होकर दुर्भाग्य से टकराव-बिखराव-विद्वेष की स्थितियां देखने को मिलती हैं, जिनमें जनता से जुड़े मुद्दों को कम ही स्थान मिल पाता है। इस बार भी ऐसा ही होता हुआ दिख रहा है। विपक्ष की नाराजगी उन शब्दों को असंसदीय घोषित करने को लेकर है, जिनका इस्तेमाल वह सदन में सरकार की घेराबंदी के लिए करता है। नाराजगी की एक अन्य वजह संसद भवन परिसर में सांसदों द्वारा किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाने को लेकर भी है। इन मुद्दों पर विपक्ष के आक्रामक रुख से यह तय माना जा रहा है कि संसद के भीतर भी यही मुद्दे हावी रहेंगे। यदि ऐसा होता है, तो महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अभाव, बाढ़, प्राकृतिक प्रकोप एवं पर्यावरण जैसे मुद्दे पीछे छूटते हुए दिखाई दे रहे हैं। मानसून सत्र के दौरान 18 बैठकें होंगी और कुल 108 घंटे का समय उपलब्ध होगा, सत्र के कार्य में 14 लंबित बिल और 24 नए बिल शामिल हैं, इन सबको निर्बाध एवं निर्द्वन्द्व संचालित करने में सत्ता पक्ष को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। संसद का सत्र इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में टकरावमुक्त हो, शालीन एवं मर्यादामय हो, इसके लिये सत्र की शुरुआत से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सर्वदलीय बैठक की, जिसमें उन्होंने नेताओं को सत्र की तैयारियों की जानकारी दी। बैठक के दौरान, बिड़ला ने 'शालीनता, गरिमा और अनुशासन' के साथ कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए सभी पक्षों से सहयोग मांगा।

## हालिया राजनीतिक घटनाएं दर्शाती हैं कि मौजूदा दल बदल कानून प्रभावी साबित नहीं हो पा रहा है

महाराष्ट्र में शिवसेना पार्टी के विधायकों द्वारा दलबदल करने के कारण मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सरकार को गिरा कर शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद देश का दल बदल निरोधक कानून अप्रासंगिक बनकर रह गया है। इस कानून की कमजोरियों का फायदा उठाकर सांसद, विधायक लगातार दल बदल कर रहे हैं। महाराष्ट्र की हालिया घटना के बाद पूरे देश में इस बात को लेकर जोरों से चर्चा है कि मौजूदा कानून दलबदल को रोक पाने में कमजोर साबित हो रहा है। इसे और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। ताकि दल बदल जैसे सत्ता बनाने बिगाड़ने के खेल पर रोक लग सके। महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर हुए दलबदल में भी भाजपा की भूमिका खुलकर सामने आई है। इससे पूर्व भाजपा कर्नाटक व मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर विधायकों से दलबदल करवा कर वहां की सरकारों को अपदस्थ कर भाजपा की सरकार बनवा चुकी है। 2014 के बाद दलबदल का खेल कुछ अधिक ही खेले जाने लगा है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में पूरी सरकारों को ही अपदस्थ कर वहां भाजपा की सरकार बनवा दी गई थी। उसके बाद गोवा में बहुमत नहीं मिलने



के बावजूद सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को दरकिनार कर भाजपा की सरकार बनाई गई थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान में पूर्ण बहुमत नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बसपा से चुनाव जीते सभी 6 विधायकों को कांग्रेस में शामिल करवा कर बहुमत प्राप्त कर लिया था। हाल ही में बिहार विधानसभा में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद ने असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के 5 में से 4 विधायकों को दल बदल करवा कर राजद में शामिल करवा लिया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव कांग्रेस के अधिकांश विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल करवा चुके हैं। सिक्किम में सिक्किम डेमोक्रेटिक पार्टी के दस विधायक दलबदल कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

# परिणाम घोषित : आरोन में कांग्रेस तो चांचौड़ा में भाजपा को बहुमत

## आधिकारिक रूप से विजयी प्रत्याशियों को प्रदान किये गये प्रमाण पत्र



■ गुना

जिले के नगरीय निकायों में द्वितीय चरण के मतदान उपरांत पार्षद पद की मतगणना संपन्न हुई। इस दौरान चांचौडा-बीनागंज, कुभराज, आरोन एवं मधुसूदनगढ़ पार्षदों की मतगणना हुई। जिसमें नगर परिषद कुम्भराज में वार्ड क्रमांक 1 से कांग्रेस के प्रत्याशी संतोष अहिरवार, वार्ड क्रमांक 2 से कांग्रेस के प्रत्याशी रेखा नरसिंह खत्री, वार्ड 3 से कांग्रेस के प्रत्याशी रामदास सिंह राजपूत, वार्ड 4 से भाजपा प्रत्याशी धनबाई दिनेश धाकड़, वार्ड 5 से भाजपा प्रत्याशी विक्रम सिंह मीना, वार्ड 6 से निर्दलीय प्रत्याशी गौरव शर्मा, वार्ड क्रमांक 7 से कांग्रेस के प्रत्याशी विष्णु मीना, वार्ड 8 से भाजपा प्रत्याशी मन्टीलाल भील, वार्ड 9 से कांग्रेस के प्रत्याशी अस्मा खान/ साजिद खान, वार्ड 10 से कांग्रेस के प्रत्याशी सीमा राधेश्याम सैनी, वार्ड 11 से निर्दलीय प्रत्याशी श्याम सुन्दर मीना, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी शारदा बाई/ मुरारीलाल साहू, वार्ड 13 से भाजपा प्रत्याशी ममता नवल अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सोलंकी, वार्ड 15 से कांग्रेस के प्रत्याशी गायत्री शर्मा/ जगदीश शर्मा आधिकारिक रूप से विजयी घोषित किए गए। इसके अलावा चांचौड़ा-बीनागंज में वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा प्रत्याशी गौरव बेटू जोशी, वार्ड 2 से कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील माली, वार्ड 3 से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा बाई माली, वार्ड 4 से निर्दलीय प्रत्याशी निसात अख्तर जाकिर हुसैन गौरी, वार्ड 5 से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी बाई रघुवंशी, वार्ड 6 से कांग्रेस के प्रत्याशी रानी यादव, वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा प्रत्याशी रश्मि शर्मा-कल्लू शर्मा, वार्ड 8 से निर्दलीय प्रत्याशी सुधा, वार्ड 9 से भाजपा प्रत्याशी राजेश्वरी, वार्ड 10 से भाजपा के प्रत्याशी श्वेंता प्रबल प्रताप सिंह (निक्की), वार्ड 11 से भाजप प्रत्याशी आशीष खण्डेलवाल (अट्टू), वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी सुनीता देवी/ प्रदीप कुमार नाटानी (भल्लू), वार्ड 13 से निर्दलीय प्रत्याशी प्रवीण कुमार मीना, वार्ड 14 से निर्दलीय प्रत्याशी गेंदी बाई भूरेलाल, वार्ड 15 से निर्दलीय प्रत्याशी राजेश खटीक आधिकारिक रूप से विजयी घोषित किए गए। इसी तरह नगर परिषद मधुसूदनगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा प्रत्याशी रूबी पत्नि शिवराज, वार्ड 2 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी रामनाथसिंह पुत्र नाथू, वार्ड 3 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी नेहा पत्नि प्रदीप, वार्ड 4 से निर्दलीय प्रत्याशी योगिनी कंवर पत्नि राजपाल सिंह, वार्ड 5 से निर्दलीय प्रत्याशी दौलत सिंह सिलावट, वार्ड 6 से भाजपा प्रत्याशी राहुल दीक्षित, वार्ड 7 से निर्दलीय प्रत्याशी पूरन पुत्र मुरली, वार्ड 8 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी सुनील पुत्र राधाकृष्ण, वार्ड 9 से निर्दलीय प्रत्याशी सोनम शिवहरे, वार्ड 10 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी हल्कीबाई कुशवाह, वार्ड 11 से भाजपा के ओमवति लोगरिया, वार्ड 12 से निर्दलीय प्रत्याशी महेन्द्र सौंधिया, वार्ड 13 से भाजपा के प्रत्याशी रानी बाई पत्नि लक्ष्मन, वार्ड 14 से निर्दलीय प्रत्याशी श्यामा पुत्र धन्ना, वार्ड 15 से भाजपा के प्रत्याशी कौशलेन्द्र पुत्र जगमोहन विजयी रहे। जिन्हें आधिकारिक रूप से विजयी प्रत्याशियों को रिटर्निंग आफीसर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### आरोन में कांग्रेस को बहुमत

वहीं नगर परिषद आरोन में वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा के प्रत्याशी सुनीता रघुवंशी, वार्ड क्रमांक 2 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी ब्रजमोहन, वार्ड क्रमांक 03 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी रेखा बाई, वार्ड 4 से भाजपा के प्रत्याशी पूजा रघुवंशी, वार्ड 5 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी मन्जू बाई, वार्ड 6 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी गीता बाई, वार्ड 7 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी मासूक जैन, वार्ड 8 से भाजपा के प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह, वार्ड 9 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी मूलचन्द शर्मा, वार्ड 10 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी संध्या रघुवंशी, वार्ड 11 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी गोपाल बाबू सोनी, वार्ड क्रमांक 12 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी अरूणा जैन, वार्ड 13 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी विमला अहिरवार, वार्ड 14 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी अयुदी-बाई, वार्ड 15 से कॉंग्रेस के प्रत्याशी धर्मेन्द्र बुनकर विजयी हुए।

# उदयपुरा नगर परिषद निर्वाचन के परिणाम घोषित

**उदयपुरा।** उदयपुरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक एक से राधा दीक्षित निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 289 मत प्राप्त हुए तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी हेमंत सिंह को 147 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 7 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक दो से आशीष निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 405 मत प्राप्त हुए तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी वीरेन्द्र कुमार को 299 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 6 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 3 से सीमा निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 632 मत प्राप्त हुए तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विश्वनाथ को 129 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 7 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 4 से नर्वदी बाई निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 434 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी वर्षा को 276 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 22 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.5 से रेखा बाई निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 482 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी रश्मि किरार को 200 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 13 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 6 से सविता वर्मा निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 324 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी फिजा वक्श को 322 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 11 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.7 से शिब्बू लाल निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 511 मत प्राप्त हुए तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शेख बजीर को 293 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 3 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 8 से वर्षा राजपूत निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 468 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनीषा राय को 250 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 6 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.9 से रिंकी निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 496 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भुरिया को 194 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 14 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.10 से भारत निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 311 मत प्राप्त हुए तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमलेश को 148 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 5 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.11 से सुनील निर्वाचित हुए है। उन्हें कुल 315 मत प्राप्त हुए तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रानू को 244 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 2 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.12 से शिखा निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 391 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी विनीता को 133 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 7 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 13 से वैशाली निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 459 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी दुर्गाबाई को 137 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 5 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक.14 से सीमा बाई निर्वाचित हुई है। उन्हें कुल 341 मत प्राप्त हुए तथा उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी स्वर्णलता रघुवंशी को 255 मत प्राप्त हुए हैं। नोटा को 2 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 15 से गंगा बाई निर्वाचित हुई है।

# भोपाल से लेकर दिल्ली दरवार पहुंच रहे विजयी उम्मीदवार



■ गुना

पंचायत से लेकर निकाय चुनावों में विजयश्री हासिल करने के बाद भाजपा के प्रत्याशियों की अब भोपाल से लेकर दिल्ली तक दौड़ जारी है। इधर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष बनने के लिए विजय उम्मीदवार भोपाल में सीएम, प्रदेशाध्यक्ष, संगठन मंत्री से मुलाकात कर रहे हैं तो दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर रहे हैं। ऐसा ही हाल में नगरीय निकाय में जीतने वाले पार्षदों का है। गत दिवस वार्ड क्रमांक 23 से भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षद तरुण मालवीय अपने पिता सुनील मालवीय के साथ दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आशीर्वाद लिया। मंत्रालय पहुंचे पूर्व नपा नेता प्रतिपक्ष सुनील मालवीय ने मालवीय परिवार की तीसरी पीढ़ी के सदस्य तरुण मालवीय को जनसेवा के लिए श्री सिंधिया को सौंपा। उल्लेखनीय है कि मालवीय परिवार के स्व. मुंशीलाल मालवीय कैलाशवासी माधवराव सिंधिया के करीबी थे। वहीं सुनील मालवीय कैलाशवासी श्री सिंधिया एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ रहे।





















# मुग्धा गोडसे खेला होबे राजनीतिक ड्रामा में दमदार भूमिका में नजर आएंगी!




**बॉलीवुड खूबसूरत अदाकार अभिनेत्री मुग्धा गोडसे इन दिनों फ़िल्म खेला होबे लेकर सुर्खियां बटोर रही है। आपको बता दें मुग्धा ने अब तक दमदार और खूबसूरती से कई किरदार निभाए है। और अब वह खेला होबे में एक राजनीतिक ड्रामा फिल्म का हिस्सा बनी है जिनमे वह महत्वपूर्ण लीड भूमिका निभा रही हैं।**

इस फ़िल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले ही रिलीज हो चुका है। और मुग्धा इस ट्रेलर के लिए भी काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही हैं। इस ट्रेलर में वह पोलिटिकल उम्मीदवारो के साथ नजर आ रही हैं। और एक शहर में चुनाव लड़ने राजनीतिक माहौल के बीच दमदार अवतार में दिख रही हैं। ट्रेलर में मुग्धा का बेदाग अभिनय कौशल और डायलॉग डिलीवरी ही हमें फिल्म को जल्द से जल्द रिलीज करने के लिए अधीर कर रही है! मुग्धा गोडसे फ़िल्म के अनुभव के बारे में बात करते हुए बताती है कि इस फ़िल्म की कहानी अद्भुत है और साथ ही गहरा संदेश है! इसकी शूटिंग में बहुत अच्छा समय लगा! मैं एक राजनेता की भूमिका निभा रही हूं जो सभी बाधाओं से लड़ती हैऔर दिल जीत लेती है! लेकिन अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीज खो देती है! खेला होबे एक बॉलीवुड ड्रामा है, जो सुनील सी सिन्हा द्वारा निर्देशित और कुमारी मंजू द्वारा निर्मित है। फिल्म में ओम पुरी, मुग्धा गोडसे और मनोज जोशी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। और बहुत जल्द रिलीज होने जा रही है।

**-दिनेश जाला**

# सालों बाद ऐश्वर्या को याद आए सलमान



बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बचन अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के दम पर दुनिया भर में एक अलग ही पहचान बना चुकी हैं। करियर की शुरुआत से ही ऐश्वर्या राय की पर्सनल लाइफ और रिलेशन भी खूब चर्चाओं में रहे। ऐश्वर्या और सलमान खान के रिलेशन से तो पूरी दुनिया वाकिफ है। अब एक बार फिर से ऐश्वर्या अपने इंटरव्यू में सलमान खान का जिक्र करती दिखाई दी है। एक्ट्रेस का ये वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### ऐश्वर्या ने लिया सलमान खान का नाम

दरअसल, सामने आए इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि ऐश्वर्या राय इस इंटरव्यू में अपनी फिल्मों और स्टार कास्ट में बारे में बात करती दिखाई दे रही हैं। इसी दौरान वो सलमान खान का नाम भी लेती हैं। ऐश्वर्या का ये अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है और उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

## पार्टी में बिना ब्लाउज की साड़ी में नजर आईं प्रियंका चोपड़ा, बार-बार गिरता रहा पल्लू

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने अपने दमपर बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक का सफर तय किया है। बरेली की रहने वाली एक्ट्रेस ने हाल में अपना 40वां जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन पर एक धमाकेदार पार्टी रखी गई थी, जिसमें कई लोगों ने शिरकत की। वहीं हाल में उनकी इस पार्टी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो साड़ी में बोल्ड लुक देती नजर आ रही है। उनके फैंस उनको देसी गर्ल के नाम से बुलाते हैं। वो साड़ी में बेहद खूबसूरत भी नजर आती हैं। इस वायरल वीडियो में भी



पीसी साड़ी में नजर आ रही हैं, जिसमें उनका बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। दरअसल, वायरल वीडियो में प्रियंका बिना ब्लाउज की साड़ी में नजर आ रही है। वीडियो में वो बिना ब्लाउज की साड़ी में डांस करती नजर आ रही हैं। उनके इस वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। वीडियो में उनके प्रफेक्ट फिगर को साफ देखा जा सकता है, जो उनके फैंस को उनका दीवाना बना रहा है। साथ ही वीडियो में उनको ये किलर बोल्ड लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है। वीडियो पर काफी संख्या में व्यूज के साथ-साथ लाइक्स और कमेंट्स भी देखने को मिल रहे हैं।

# इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के लाखों रुपए वसूलती हैं मलाइका

### आइटम सॉन्ग की फीस भी कर देगी हैरान



मलाइका अरोड़ा अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज के कारण चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर जब भी उनका कोई वीडियो या फोटो आता है तो लोग उन्हें ट्रोल करना शुरू कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही सोशल मीडिया उनकी कमाई का बहुत बड़ा साधन है। फिल्मों में आइटम सॉन्ग करने वाली 48 साल की मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया से लाखों रुपए कमाती हैं। आइए जानते हैं उनकी आइटम सॉन्ग्स और सोशल मीडिया पोस्ट की फीस के बारे में। रिपोर्ट्स की मानें तो सोशल मीडिया खासकर इंस्टाग्राम पर जब भी मलाइका अरोड़ा कोई प्रमोशनल पोस्ट डालती हैं तो वे उसके लिए 16 से 20 लाख रुपए प्रति पोस्ट चार्ज करती हैं। मलाइका अरोड़ा के आइटम नंबर्स लोगों के काफी पॉपुलर हैं। बताया जाता है कि प्रति सॉन्ग उनकी फीस लगभग 1 ।78 करोड़ रुपए होती है। मलाइका के करियर की बात करें तो उन्होंने अपनी शुरुआत रेडियो जॉकी के तौर पर की थी।

# सैफ देश की आबादी में दे चुके हैं काफी योगदान, मैं प्रेग्नेंट नहीं

## प्रेग्नेंसी पर करीना कपूर ने दी मजाकिया अंदाज में सफाई



**जैसे ही प्रेग्नेंसी की खबर करीना कपूर तक पहुंचीं तो एक्ट्रेस खुद को रोक नहीं सकी और उन्होंने जिस अंदाज में इन खबरों को नकारा वो वाकई मजेदार है। करीना ने कह दिया है कि वो प्रेग्नेंट नहीं हैं।**

पिछले कुछ दिनों से करीना कपूर की प्रेग्नेंसी की खबरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। कुछ तस्वीरें वायरल होने के बाद कहा गया कि करीना कपूर तीसरी बार मां बनने जा रही हैं। अब जब इन खबरों ने थमने का नाम नहीं लिया तो करीना कपूर ने खुद सामने आकर इस पर सफाई दी और जिस अंदाज में दी वो भी खूब है। करीना कपूर ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों को नकारा लेकिन उनकी पोस्ट इतनी मजेदार थी कि इसे वायरल होते भी देर नहीं लगी।

### 'मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं' - करीना कपूर

करीना कपूर ने इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर लिखा- दोस्तों ये पास्ता और वाइन का कमाल है। रिलैक्स कीजिए।।मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। सैफ कह रहे हैं कि वो देश की जनसंख्या में काफी योगदान कर चुके हैं'। जैसे ही करीना ने पोस्ट शेयर की तो इसे वायरल होने में देर नहीं लगी। करीना का ये अंदाज उनके फैंस को खूब भा रहा है।आपको बता दें कि सैफ अली खान चार बचों के पिता हैं। पहली पत्नी अमृता सिंह से सैफ के दो बचे हैं सारा अली खान और इब्राहिम अली खान। वहीं दूसरी शादी करीना कपूर से की थी जिससे उन्हें दो बेटे जेह और तैमूर हैं। पिछले साल ही करीना ने जेह अली खान को जन्म दिया था। वो महज डेढ़ साल के हैं। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर करीना की एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसमें वो बेबी बंप के साथ नजर आईं जिसके बाद उनके तीसरी बार मां बनने के कयास लगाए गए पर अब करीना ने सफाई देकर सबकी बोलती बंद कर दी है। फिलहाल करीना कपूर इन दिनों वापस अपनी प्रोफेशनल लाइफ पर ध्यान दे रही हैं। उनकी लाल सिंह चड्ढा जल्द ही रिलीज होने जा रही है तो वहीं अब करीना प्रोडक्शन में भी हाथ आजमा रही हैं।

# रुपया चार पैसे कमजोर होकर 79.96 पर खुला

एजेंसी ■ मुंबई

आयातकों की तरफ से अमेरिकी डॉलर की मांग आने से बुधवार को रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे कमजोर होकर 79.96 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती बने रहने के बीच तेल आयातकों की तरफ से डॉलर की मांग आने से रुपया टूट गया। इसके अलावा कारोबारी धारणा पर बढ़ते व्यापार घाटे के असर को लेकर भी चिंता हावी रही। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.91 के भाव पर मजबूती से खुला लेकिन थोड़ी ही देर में यह 79.96 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। इस तरह एक दिन पहले की तुलना में रुपए में चार पैसे की कमजोरी आ गई। मंगलवार को रुपया 80.05 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर जाने के बाद सुधरा और 79.92 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। जानकारों का कहना है ?कि डॉलर के मुकाबले एशिया की लगभग सभी मुद्राएं कमजोर बनी हुई हैं। छह मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत गिरकर 106.54 पर रहा।

# सिट्रॉन ने सी3 मॉडल बाजार में उतारा



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता सिट्रॉन इंडिया ने बुधवार को अपने नए मॉडल सी3 को 5.7 लाख रुपए की शुरुआती कीमत में बाजार में पेश किया। कंपनी ने सी3 के रूप में भारत में सब-4 मीटर श्रेणी में अपना पहला मॉडल उतारा है। इसे 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ पेश किया गया है। स्टेलैंटिस समूह की कंपनी सिट्रॉन इंडिया ने सी3 मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 5.7 लाख रुपए तय की है जबकि शीर्ष संस्करण की कीमत 8.05 लाख रुपए रखी गई है।

स्टेलैंटिस इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोलैंड बूचरा ने एक बयान में कहा कि सिट्रॉन ने सी3 के साथ भारत में बी-हैचबैक खंड में कदम रख दिया है और इसके ग्राहकों की पसंद पर खरा उतरने की पूरी उम्मीद है। इस मॉडल के 90 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जों का स्थानीय स्तर पर उत्पादन हुआ है।

# जीएटी की नई दरें लागू होने से पैकेट बंद दूध, आटा, लस्सी और पनीर महंगा

## अस्पतालों में प्राइवेट बेड पर भी जीएसटी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

आम आदमी पर (18 जुलाई) से महंगाई का बोझ बढ़ गया है। पिछले महीने जीएसटी काउंसिल ने अपनी बैठक के दौरान घरेलू उपयोग की कई चीजों पर जीएसटी (त्रस्ज्ञ) लगाने और कुछ चीजों पर जीएसटी दरों में इजाफा करने का फैसला लिया था। (18 जुलाई से) से ये फैसले प्रभाव में आ गए हैं। ऐसे में के बाद से हमारी रोजमर्रा की जरूरत के कुछ सामान महंगे हो गए हैं। जीएसटी काउंसिल की बैठक में डिब्बाबंद या लेबल लगे (फ्रोजन गुड्स के अलावे) दही, लस्सी, पनीर, शहद, मछली, सूखा सोयाबीन, सूखा मखाना और मटर जैसे उत्पादों, गेहूं व अन्य अनाज के अलावे मूढ़ी या मुरमुरे पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला लिया गया था। अब तक इन चीजों पर लगने वाली जीएसटी में छूट मिलती थी। उसी तरह विभिन्न पेय पदार्थों के टेट्रा पैक और बैंकों की तरफ से जारी किए जाने वाले चेकबुक पर भी सेवा बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, एटलस, नक्शे तथा चार्ट पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का प्रावधान किया गया है। ऐसे में ये उत्पाद भी से महंगे हो गए हैं। राहत बस इतनी कि खुले में बिकने वाली बिना ब्रांड की चीजों पर जीएसटी नहीं यहां राहत की बात बस इतनी है कि काउंसिल की बैठक में यह साफ तौर पर कहा गया था कि खुले में बिकने वाले बिना ब्रांड वाले उत्पादों पर अभी जीएसटी चार्ज नहीं किया जाएगा। ऐसे में हमारे पास महंगाई की मार से बचने के लिए पैकेटबंद चीजों की जगह खुली चीजों के इस्तेमाल का विकल्प बना हुआ है।




### होटलों और अस्पतालों में निजी कमरा बुक कराना हुआ महंगा

अभी तक 1000 रुपए से कम किराया वाले सस्ते या बजट होटलों में ठहरने पर हमें कोई जीएसटी चार्ज नहीं देना पड़ता था पर से ऐसे होटलों में ठहरने पर 12 प्रतिशत की दर से जीएसटी चुकानी पड़ेगी। वहीं, अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिये पांच हजार रुपये से अधिक का कमरा (आईसीयू के अतिरिक्त) बुक कराने पर भी पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी चार्ज की जाएगी। ऐसे में, इस चार्ज के लगने के बाद से इलाज भी महंगा हो गया है।

### स्टेशनरी के सामान और एलईडी लैंप भी हुए महंगे

जीएसटी काउंसिल की बैठक में एलईडी लैंप पर भी जीएसटी को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावे धारदार चाकू, कागज काटने वाला चाकू और पेंसिल शार्पनर, प्रिंटिंग और ड्राइंग में इस्तेमाल होने वाले सामान जैसे इंक इत्यादि और मार्किंग प्रोडक्ट्स पर भी जीएसटी की दर 18 प्रतिशत कर दी गयी है। सौर ऊर्जा से चलने वाले हीटर पर भी जीएसटी की दर को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया है। ऐसे में इन चीजों की कीमतें भी से बढ़ गईं हैं।

### रिहायशी घरों को कमर्शियल इस्तेमाल के लिए किराये पर देने पर लगेगा टैक्स

पूर्वोत्तर राज्यों के लिए हवाई यात्रा करने पर मिलने वाली जीएसटी छूट से इकनॉमी क्लास तक ही सीमित रहेगी। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक, बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (ढ्डत्रष्ठ), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (स्श्वक्चढ्ढ) जैसे नियामकों की सेवाओं पर भी (18 जुलाई) से टैक्स चार्ज किया जाएगा ऐसे में ये सवाएं से महंगी हो गई हैं। रिहायशी घरों को कमर्शियल इस्तेमाल के लिए किराये पर देने पर भी से टैक्स चार्ज किया जाएगा। हालांकि, बैटरी या उसके बिना इलेक्ट्रिक वाहनों पर रियायत के साथ जीएसटी दर 5 प्रतिशत ही रखी गई है। वहीं, (18 जुलाई) से रोपवे के जरिये वस्तुओं और यात्रियों के परिवहन और मेडिकल सर्जरी से जुड़े उपकरणों पर लगने वाली जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दी गई है, ऐस में ये चीजें से सस्ती हो गईं हैं। मालवाहक वाहनों और उनके ईंधन पर भी जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया है।

### थोक विक्रेताओं को सरकार के इस फैसले से मिलेगी राहत

वहीं, वहीं आज से महंगाई बढ़ने की खबरों के बीच ने जीएसटी दरों पर एक स्पष्टीकरण जारी किया है। वित्त मंत्रालय की ओर से बिना ब्रांड वाले खाद्यान और अन्य उत्पादों पर जीएसटी लगाए जाने के संबंध में एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा गया है कि यह टैक्स केवल 25 किलो तक की पैकिंग पर ही लगाया जाएगा। 25 किलो या उससे ऊपर की पैकिंग पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय के इस फैसले से थोक विक्रेताओं को राहत मिल सकती है। वहीं सरकार के इस फैसले से आम लोगों के पास पैकेटबंद सामानों के बदले खुले में कम दरों पर जरूरी चीजें खरीदने का विकल्प बना रहेगा।

# सेंसेक्स 55 हजार और निफ्टी 16,500 के पार खुला

एजेंसी ■ मुंबई



केंद्र सरकार की ओर से पेट्रोल, डीजल और हवाई ईंधन पर लगाए अतिरिक्त टैक्स में कटौती करने से बुधवार सुबह तेल कंपनियों के स्टॉक्स में तेजी दर्ज की गई। इससे सेंसेक्स करीब दो महीने बाद फिर 55 हजार के स्तर को पार कर गया। सेंसेक्स सुबह 718 अंकों की जोरदार बढ़त के साथ 55,486 और निफ्टी 222 अंक चढ़कर 16,563 पर खुला।

निवेशकों ने बाजार में शुरुआती बढ़त देख जमकर खरीदारी शुरू कर दी। निवेशकों ने बुधवार को सुबह जैसे ही सरकार की ओर से ईंधन निर्यात पर टैक्स घटाए जाने की खबर सुनी रिलायंस, ओएनजीसी जैसी कंपनियों के शेयरों पर टूट पड़े। आज रिलायंस, इंडसंड बैंक, टकि महिंद्रा, टाटा स्टील, इंफोसिस, टाइटन जैसी कंपनियों के स्टॉक्स में 2.7 फीसदी तक उछाल दिख रहा है और ये शेयर टॉप गेनर की सूची में आ गए हैं। ओएनजीसी के स्टॉक्स में 5 फीसदी की तेजी दिख रही है, जबकि रिलायंस ने 3 फीसदी की बढ़त बनाई। इसके विपरीत एचयूएल जैसी कंपनी के शेयरों में सुबह से ही भारी बिकवाली दिख रही है। इस कंपनी के स्टॉक 0.6 फीसदी टूटकर कारोबार कर रहे हैं। आज के कारोबार में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप पर भी 0.9 फीसदी की जोरदार बढ़त दिख रही है। निफ्टी आईटी और तेल एवं गैस सेक्टर के स्टॉक ने शुरुआत से ही बड़ी बढ़त बना ली है। इन दोनों सेक्टर्स में सबसे ज्यादा 1.8 फीसदी तक बढ़त दिख रही है। इसके अलावा अन्य सेक्टर में भी आज तेजी दिख रही, जो एक फीसदी के दायरे में है। रेलीज इंडिया के स्टॉक्स में 2 फीसदी की गिरावट है, जबकि आइल इंडिया के शेयर 7 फीसदी चढ़ गए हैं। इसके अलावा एमआरपीएल और सीपीसीएल जैसी रिफाइनरी कंपनियों के स्टॉक्स में भी 5 से 9 फीसदी की तेजी दिख रही है।

# हिंदुस्तान यूनीलीवर का मुनाफा जून तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ■ नई दिल्ली




तेल, साबुन और शैंपू जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली हिंदुस्तान यूनिलीवर का एकीकृत शुद्ध लाभ जून 2022 को समाप्त पहली तिमाही में 13.85 प्रतिशत बढ़कर 2,391 करोड़ रुपए पर पंहुच गया। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में कंपनी को 2,100 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय 20.36 प्रतिशत बढ़कर 14,757 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले अप्रैल-जून तिमाही में यह 12,260 करोड़ रुपए थी। कंपनी का कुल खर्च जून 2022 को समाप्त तिमाही में 20.79 प्रतिशत बढ़कर 11,531 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 9,546 करोड़ रुपए था। एचयूएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक संजीव मेहता ने कहा कि उच्च मुद्रास्फीति और उसका खपत पर प्रभाव के साथ चुनौतीपूर्ण परिवेश में जून तिमाही के दौरान आय और लाभ के मामले में हमारा प्रदर्शन बेहतर रहा है।

### अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में रही तेजी

नई दिल्ली। अमेरिका की आईटी कंपनियों और बैंकों के बेहतर तिमाही नतीजों के बल पर वहां के शेयर बाइजार ने जोरदार बढ़त हासिल की है। महंगाई और ब्याज दरें बढ़ने के दबाव के बावजूद निवेशकों ने बाजार पर भरोसा जताया। यही कारण रहा कि पिछले सत्र में अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर 3.11 फीसदी की मजबूत बढ़त दिखी। अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी पिछले कारोबारी सत्र में तेजी दिखी और सभी प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बड़ी बढ़त पर बंद हुए।

# टमाटर और प्याज के भाव एक महीने के भीतर 29 फीसदी कम हुए

एजेंसी ■ नई दिल्ली

टमाटर के भाव एक महीने के भीतर ही 29 फीसदी कम हो गए, जबकि प्याज के भाव में 9 फीसदी की गिरावट आई है। उपभोक्ता मंत्रालय ने बताया कि टमाटर के भाव एक महीने में ही करीब एक तिहाई नीचे आ गए, जबकि प्याज के दाम पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी सस्ते हो गए हैं। मंगलवार को देशभर में टमाटर की औसत कीमत 37.35 रुपए प्रति किलोग्राम रही, जो एक महीने पहले 52.5 रुपए प्रति किलोग्राम थी. कीमतों में यह गिरावट मानसून की बारिश के बाद नई फसल तैयार होने की वजह से आई है। मंत्रालय ने बताया कि देशभर में प्याज की औसत कीमत घटकर 25.78 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई,



जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 9 फीसदी कम है। कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस साल देश में प्याज का बंपर उत्पादन हुआ, जो रिकॉर्ड 317.03 लाख टन पहुंच गया। ऐसे में मंडियों में प्याज के दाम घटने की आशंका पैदा हुई, जिसका सीधा नुकसान किसानों को होता। ऐसे में सरकार ने रिकॉर्ड खरीद कर किसानों को भी नुकसान से बचाया और बड़ा बफर स्टॉक भी बना लिया। इससे आने वाले समय में प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। प्याज के बफर स्टॉक की सबसे ज्यादा जरूरत अगस्त से दिसंबर तक होती है, जब इसकी कोई फसल नहीं तैयार रहती। राज्यों की मांग के अनुरूप केंद्रीय एजेंसियां बफर स्टॉक से प्याज का आवंटन करती हैं।


**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )